3.	**M/s Rajrani Flour Mill,** Add. Plot No.K-3 Industrial Area, Site-1, Sultanpur Road, Village Barkhapur, Raebareli-229001 (Borrower Firm) **Mrs. Amita Mishra W/o Mr.Ramendra Mishra (Proprietor & Mortgagor),** Add. 1. House no. II/146, Government Colony, Raebareli-229001 Add.2. Vill. & Post Bhadnang, Purwa, Unnao-209825 **Demand Notice Dated: 21.09.2019** **Amount ₹ 31,27,551.24** +interest & Other Expenses	Lease Rights of Industrial Land and building situated at Plot No.K-3, Industrial Area Site-1, Sultanpur Road, Village Barkhapur, Raebareli -229001, **Owner: Mrs. Amita Mishra, Area: 672.00 Sqmtr Boundaries (As per deed)-: On or towards the East-** Road No. 09, **On or towards the West-**Plot No.G3 & 4, **On or towards the North-** Plot No. K-4, **On or towards the South-** Plot No. K-2 **(Possession-Symbolic)**	₹ 45,00,000/- ₹ 4,50,000/-
	Branch: Suratganj, Sr. Manager, Mr. Sudhir Kumar Singh, Mob.: 8131961691		
4.	**Mr. Shiv Om Mishra S/o Raj Kumar Mishra,** Vill. Babapurwa, Baraiya Suratganj, District-Barabanki-225304 **Mr. Hari Om Mishra S/o Raj Kumar Mishra,** Vill. Babapurwa, Baraiya Suratganj, District-Barabanki-225304 **Demand Notice Dated: 13.05.2024** **Amount ₹ 8,94,620.64**+interest & Other Expenses	Residential Property situated at Khasra No.-372 min at Vill-Baraiya, Pargana & Tehsil-Ramnagar, Distt. Barabanki, **Owned by Mr. Shiv Om Mishra S/o Raj Kumar Mishra, Admeasuring Area-0.0885 Hect. Boundaries as per Deed :- East-**Khet of Bitana, **West-**Khet of Durga Dayal, **North-**Khadanja, **South-**Khet of Ram Singh **(Possession-Symbolic)**	₹ 28,50,000/- ₹ 2,85,000/-
	Branch: Subhanikheda, Sr. Manager, Mr. Vinay Kumar Singh, Mob.: 8881941543		
5.	**Borrower & Mortgagor-:Mr. Vijay Pal Prajapati S/o Baura Prajapati,** J-49 Ratnakar Khand South City Sharda, Nagar Raibareily Road Lucknow-226025 **Co-Borrower & Mortgagor-:Ms Sunita Prajapati W/o Vijay Pal Prajapati,** J-49 Ratnakar Khand South City Sharda Nagar Raibareily Road Lucknow-226025 **Demand Notice Dated: 02.12.2025** **Amount ₹ 29,54,513.73** +interest & Other Expenses	All that part and parcel of the property consisting of Flat No/Plot No J-49 Ratnakar Khand South City Rai bareily Road Yojana, Ward -Sharda Nagar Sub District Lucknow and District Lucknow-226025, **Admeasuring Area 293.53 Sq mtr, Owner: Mr. Vijay Pal Prajapati and Ms. Sunita Prajapati Boundaries:-East:** Plot No 50, **West:** Plot No 48, **North:** 9 mtr road, **South:** Plot No 11 **(Possession-Symbolic)**	₹ 1,96,00,000/- ₹ 19,60,000/-

Terms & Conditions:- For detailed terms and conditions of the sale, please refer to the link provided in Secured Creditor's web portal i.e **https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com.** For further details contact AGM/Chief Manager/Branch Manager of respective Branches at Numbers as given above. **Note: Minimum acceptable bid will be Rs. 10,000/- above reserve Price (RP)**
STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) OF SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT), RULES 2002

Date : 05.06.2026 Place : Lucknow Authorised Officer, Bank of India

22 और जिलों में शुरू हुए आधार सेवा केंद्र

अब कुल 32 जिलों में सेवा केंद्र संचालित प्रदेश में 71 केंद्र शुरू करने का लक्ष्य

लखनऊ। प्रदेश में सीतापुर समेत 22 और जिलों में आधार सेवा केंद्रों का संचालन शुरू हो गया है। अब इनकी संख्या कुल 32 हो गई है। ये केंद्र भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की तरफ से संचालित किए जाते हैं। पहले 12 जिलों में इस तरह के आधार सेवा केंद्र संचालित हो रहे थे। इसमें लखनऊ, आगरा, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, कानपुर, गोंडा, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और गाजियाबाद शामिल थे।

अब इसमें 22 और जिले जुड़ गए हैं। इसमें अलीगढ़, अयोध्या, रायबरेली, उन्नाव, बलरामपुर, हापुड़, मुजफ्फरनगर, हाथरस, सीतापुर, मथुरा, इटावा, मैनपुरी, गाजीपुर, मऊ, मिर्जापुर, अमेठी, बस्ती और चंदौली है। अब आसपास के जिलों के रहने वालों को आधार सुविधाएं बेहतर तरीके से मिल रही हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 39 जिलों में इस तरह के सेवा केंद्र शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। एक दो महीने में इन जिलों में भी आधार सेवा केंद्र शुरू कर दिए जाएंगे। यूआईडीएआई द्वारा संचालित केंद्र जिन जिलों में नहीं हैं वहां बैंकों व पोस्ट ऑफिसों में आधार संबंधी कार्य होते हैं। ब्यूरो

आयुष अफसरों की लड़ाई में पिस रहे डॉक्टर और कर्मचारी

तबादला सूची निरस्त होने की आशंका से परेशान हैं आयुष कर्मी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। आयुष विभाग में चल रही अफसरों की लड़ाई में आयुष विभाग के डॉक्टर, फार्मासिस्ट व अन्य कर्मचारी पिस रहे हैं। व्यवस्था पटरी पर आने के बजाय दिनोंदिन गड़बड़ाती जा रही है। एक अफसर दूसरे पर निशाना साध रहा है। ऐसे में विभागीय उपसंचालकों व कर्मियों में कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है। जिन लोगों का तबादला सूची में नाम है, वे खुशी निरस्त होने की आशंका से परेशान हैं।

आयुष विभाग में तबादला सूची जारी होने के बाद महानिदेशक ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने तबादला सूची रद्द करने की मांग की है। आरोप लगाया है कि वह तीनों विभागों की विभागाध्यक्ष हैं। इसलिए उनका अनुमोदन जरूरी है। दूसरी तरफ आयुष महानिदेशक के कामकाज को लेकर 15 मार्च को जारी शासनादेश के क्रम संख्या पांच के छठवें बिंदु में स्पष्ट लिखा है कि आयुष विभाग की सभी भर्तियां, स्थानांतरण एवं सेवा संबंधी मामलों का निस्तारण निदेशक के जरिये होंगे। दूसरी ओर सूत्रों का यह भी कहना है कि आयुष विभाग की पत्रावलियां महानिदेशक के पास भेजी गई थीं। उन्होंने कुछ आपत्तियां भी लगाई थीं, जिसे निस्तारित करने के बाद दोबारा भेजी गई। फिलहाल तबादले पर अफसरों के बीच छिड़ी रार का असर चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों पर पड़ा है।

सांसत में स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्साधिकारी

आयुष विभाग के अधीन नियुक्त होकर प्रदेश के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत चिकित्साधिकारी (सामुदायिक) यानी एमओसीएच की भड़कने बढ़ गई है। प्रदेश में वर्ष 2021 में 421 एमओसीएच भर्ती हुए। वर्ष 2022 में यह कहकर तबादला नहीं किया गया कि वे परिवीक्षा में हैं। इस वर्ष एमओसीएच के 85 चिकित्सकों का तबादला हुआ है। इनमें से 37 अनुरोध पर और 48 जनहित में हुए हैं। यह कुल तबादले का सिर्फ 11 फीसदी है।

तबादलों व खाली पदों को भरने के लिए 12 को घेरेंगे महानिदेशालय

लखनऊ। यूपी एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन 24 सूत्री मांगों को लेकर 12 जून को महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय का घेराव करेगा। इसके तहत लिपिक संवर्ग के कर्मी 8 से 11 जून तक काली पट्टी बांधकर अपने कार्यालयों में कार्य करेंगे। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कुंदन सिन्हा ने बताया कि गत वर्ष भी उनके स्थानांतरण नहीं हुए थे। इस वर्ष भी एक भी स्थानांतरण आदेश निर्गत नहीं किए गए। इसके लिए दोषी अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा स्थानांतरण किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रयाग सहायक के 195 पद, प्रशासनिक अधिकारी के 57 पद वर्तमान में रिक्त हैं। रिक्त पदों को तत्काल पदोन्नति से भरा जाए। कनिष्ठ सहायक के वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति की जाए। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष विवेक यादव व संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष आलोक दुबे ने किया। बैठक में ओंकारनाथ, राजेश चंद्र श्रीवास्तव महामंत्री, मो. नाजिम, विशाल ल्यूक, नवनीत पाठक आदि उपस्थित थे। ब्यूरो

न्यूज डायरी

टीईटी मामले में सीएम से शिक्षकों को मिला सेवा सुरक्षा का भरोसा

लखनऊ। विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह और राज बहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (तिवारी जी) के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी व संयुक्त महामंत्री अमित सिंह ने शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। शिक्षकों ने उनसे शिक्षकों को सेवा अनुभव के आधार पर वेटेज देते हुए विशेष विभागीय टीईटी आयोजित कर कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने की मांग की। कहा, लंबे समय से काम कर रहे शिक्षकों की सेवाएं सर्वोच्च न्यायालय के एक आदेश से खतरे में पड़ गई हैं। इस पर सीएम ने सभी शिक्षकों की सेवाएं सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों के लिए लागू केशलेस चिकित्सा योजना के लिए उनका आभार जताया। ब्यूरो

अटेवा की जनजागरण यात्रा 11 को

लखनऊ। टीईटी अनिवार्यता के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अटेवा ने 11 जून से जनजागरण यात्रा की शुरुआत करने की घोषणा कर दी है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने बताया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों से युवाओं के साथ शिक्षक कर्मचारियों में भी काफी निराशा व गहरा असंतोष है। 11 जून को लखनऊ के काकोरी शहीद स्थल से पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी अनिवार्यता की समाप्ति, निजीकरण का अंत, युवाओं को रोजगार, शिक्षक को सम्मान जैसे मुद्दों पर जन जागरण यात्रा का आरंभ किया जा रहा है। प्रदेश महामंत्री नीरज पति त्रिपाठी ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता से वरिष्ठ शिक्षक काफी परेशान है। ब्यूरो

दिनेश गोयल दोबारा चुने गए आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में एक बार फिर से बरेली के उद्योगपति दिनेश गोयल ने जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी व आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय गुप्ता के निर्देशन में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से दिनेश गोयल को 2026-27 के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। नया कार्यकाल 1 जुलाई से शुरू होगा। शनिवार को आईआईए भवन गोमतीनगर में हुए चुनाव कार्यक्रम के बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि आगामी वर्षों में सरकार और उद्योगों के बीच प्रभावी सेतु के रूप में काम करेंगे। संवाद

दुधवा-गौरिफंटा मार्ग की बंदी वापस हो

लखनऊ। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान प्रशासन द्वारा पांच जून को जारी आदेश के तहत दुधवा-गौरिफंटा मार्ग को रात छह बजे से सुबह छह बजे तक बंद करने का विरोध शुरू हो गया है। अधिवक्ता एसएम हैदर रिजवी ने उपनिदेशक दुधवा राष्ट्रीय उद्यान को पत्र भेजकर आदेश वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग नेपाल सीमा के साथ किसानों, छात्रों, मरीजों व सुरक्षा बलों के लिए जीवनरेखा है। ब्यूरो

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड–प्रथम, नानपारा, बहराइच

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना सं0–01/अधि0अभि0/2026–27

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालिफिकेशन टेकिनकल बिड एवं प्राइस–बिड/बाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में सिविल कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.06.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 15.06.2026 अपरान्ह 13.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री–क्वालिफिकेशन टेकिनकल बिड दिनांक 15.06.2026 के अपरान्ह 14.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड–प्रथम, नानपारा, बहराइच के कार्यालय में गठित समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस–बिड/बाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निगमेदाताओं की संख्या के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय पर खोली जायेगी।

निविदावैधि दिनांक 08.06.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 15.06.2026 अपरान्ह 13.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड–प्रथम, नानपारा/टेण्डर समिति का होगा। कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

क्र0/लॉट सं0	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	मात्रा	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य–जी.एस.टी.+प्रोसेसिंग का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	सरयू योजना नहर के किमी0 33.800 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	6.09	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1218	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
2	सरयू योजना नहर के किमी0 40.100 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	5.52	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1104	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
3	सरयू योजना नहर के किमी0 42.240 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	5.64	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1128	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
4	सरयू योजना नहर के किमी0 44.167 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	5.46	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1092	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
5	सरयू योजना नहर के किमी0 18.050 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	5.32	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1064	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
6	सरयू योजना नहर के किमी0 31.900 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	6.92	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1384	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
7	सरयू योजना नहर के किमी0 3.150 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	4.61	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0922	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
8	सरयू योजना नहर के किमी0 5.745 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	4.44	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0888	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
9	सरयू योजना नहर के किमी0 7.000 पर स्थित कदम पुलिया की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	3.86	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0772	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
10	सरयू योजना नहर के किमी0 8.850 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	5.73	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1146	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
11	सरयू योजना नहर के किमी0 10.570 पर स्थित वी0आर0सी0 की पैरापेट आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन का कार्य।	4.97	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0994	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
12	गोरखा रजवाहा के किमी0 0.000 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के डाउन स्ट्रीम में स्लीप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	4.68	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0936	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
13	गोरखा रजवाहा के किमी0 0.160 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	5.79	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1158	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
14	गोरखा रजवाहा के किमी0 1.780 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	5.76	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1152	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
15	गोरखा रजवाहा के किमी0 2.200 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	5.65	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1130	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
16	गोरखा रजवाहा के किमी0 2.950 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	5.56	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.1112	45 दिवस	225+41+500 =Rs 766.00	"सी" या उच्च
17	गोरखा रजवाहा के किमी0 5.100 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	4.99	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0998	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
18	गोरखा रजवाहा के किमी0 6.200 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	4.46	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0892	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
19	गोरखा रजवाहा के किमी0 7.440 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	3.86	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0772	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
20	गोरखा रजवाहा के किमी0 8.950 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	3.90	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0780	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च
21	गोरखा रजवाहा के किमी0 9.850 पर स्थित वी0 आरा बी0 के मरम्मत का कार्य एवं वी0 आर0 बी0 के अप स्ट्रीम और डाउन स्ट्रीम में स्लोप पर सी0 सी0 लाइनिंग के निर्माण का कार्य।	3.45	बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार	0.0690	45 दिवस	150+27+500 =Rs 677.00	"सी" या उच्च

इस निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें तथा विवरण उत्तर प्रदेश की वेबसाइट http://upgov.nic.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.gov.in, सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in तथा http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। वेबसाइट से डाइंग उपलब्ध न होने अथवा निविदा प्रपत्र में संलग्न न होने अथवा किसी निम्नता की स्थिति में सम्बन्धित डाइंग/प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में उपलब्ध होंगे तथा कार्यालय में उपलब्ध डाक्यूमेंट ही अन्तिम एवं मान्य होंगे।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड–प्रथम,
नानपारा, बहराइच

www.upgov.nic.in
UPID No.-252222 Dt.-05.06.2026

कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम पहुंचे सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र, एसटीएफ-पुलिस सक्रिय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संबंधित जिलों के स्ट्रांग रूम में पहुंचा दिए गए हैं। प्रश्नपत्रों के परिवहन व भंडारण की पूरी प्रक्रिया की निगरानी नामित नोडल अधिकारियों की देखरेख में की जा रही है। वहीं, परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए एसटीएफ, साइबर सेल और जिला पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी। इसके मद्देनजर परीक्षा केंद्रों, स्ट्रांग रूम व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। पेपर लीक, सॉल्वर गैंग व नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए एसटीएफ की विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विशेषकर व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक और अन्य डिजिटल माध्यमों की चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

किसी भी तरह की अफवाह, फर्जी प्रश्नपत्र या परीक्षा से जुड़ी भ्रामक जानकारी प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

यहां से डाउनलोड करें प्रवेश पत्र

भर्ती बोर्ड ने प्रवेश पत्र भी जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परीक्षा की तिथि से तीन दिन पहले एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों को पहले जिला सूचना पर्ची डाउनलोड करनी होगी, इसके बाद प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थी www.uppbpb.gov.in पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए upcons2025.com/upcondiad2025/ लिंक उपलब्ध कराया गया है। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध सूचनाओं पर ही भरोसा करने और किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल सूचना पुलिस या भर्ती बोर्ड को देने की अपील की है।

छात्रवृत्ति : एसी-एसटी के छात्रों को केंद्रांश का भुगतान इसी माह संभव

लखनऊ। छात्रवृत्ति और शुल्क भरपाई योजना में अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों के खातों में केंद्रांश भी अब आने लगा है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, इस माह सभी पात्र छात्रों को केंद्रांश के भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। प्रदेश में ढाई लाख रुपये तक सालाना आमदनी वाले एससी-एसटी परिवारों के विद्यार्थियों को शुल्क की भरपाई के साथ छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाता है। इस वर्ष के विद्यार्थियों को होने वाले भुगतान का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार और शेष 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार देती है। 31 मार्च तक छात्रों के खातों में राज्यांश तो आ गया था, लेकिन केंद्रांश नहीं मिला था। 31 मार्च तक 5 लाख छात्रों को केंद्रांश का भुगतान नहीं हुआ था। ब्यूरो

सर्वे वाले आयकर रिटर्न की होगी अनिवार्य जांच

आयकर विभाग ने जारी की गाइडलाइन, उच्च जोखिम वाले मामलों में टैक्स अनुपालन को मिलेगी मजबूती

लखनऊ। आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कंपलसरी कंप्लीट स्क्रूटनी (अनिवार्य विस्तृत जांच) की नई गाइडलाइन जारी की है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दाखिल रिटर्न में कुछ निर्धारित श्रेणियों के मामलों को अनिवार्य रूप से स्क्रूटनी के लिए चुना जाएगा। नई व्यवस्था का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले मामलों की पहचान कर टैक्स अनुपालन को मजबूत करना है।

गाइडलाइन के अनुसार जिन करदाताओं के यहां एक अप्रैल 2024 या उसके बाद सर्वे कार्रवाई हुई है, उनके मामलों को अनिवार्य स्क्रूटनी के लिए चुना जाएगा। हालांकि विशेष मामलों के सर्वे इस श्रेणी में शामिल नहीं होंगे। सीबीडीटी ने इसके लिए सिस्टम आधारित प्रक्रिया तय कर दी है। इसमें आयकर विभाग का सिस्टम विंग ऐसे मामलों का चयन करेगा और इसके लिए डीजीआईटी (सिस्टम्स) स्तर पर अनुमोदन लिया जाएगा। चयनित मामलों में करदाताओं को आयकर नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद विस्तृत जांच प्रक्रिया शुरू होगी।

गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, जांच इकाइयों और अन्य संबंधित अधिकारियों को अपने अधिकार क्षेत्र के मामलों की समेकित सूची तैयार कर निर्धारित प्रारूप में भेजनी होगी ताकि सिस्टम के जरिये चयन प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सके। ब्यूरो

व्यवसायियों को रखना होगा विशेष ध्यान

विशेषज्ञों का मानना है कि नई व्यवस्था में मैनुअल हस्तक्षेप कम और डाटा आधारित चयन ज्यादा होगा। वरिष्ठ कर सलाहकार सीए विवेक खन्ना कहते हैं कि अब करदाताओं को रिटर्न दाखिल करते समय आय, खर्च, बैंकिंग लेनदेन और दस्तावेजों की सटीकता पर अधिक ध्यान देना होगा। यदि किसी मामले में सर्वे हुआ है तो उसे सामान्य जांच की तरह नहीं देखा जा सकता है क्योंकि ऐसे मामलों में अब सिस्टम आधारित कंपलसरी स्क्रूटनी तय है। व्यवसायियों और पेशेवरों को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बहीखाते, जीएसटी डाटा, बैंक स्टेटमेंट और आयकर रिटर्न में कोई विरोधाभास न हो क्योंकि विस्तृत जांच में इसका विश्लेषण किया जाएगा।

उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी राशि पर ब्याज देने की मांग

लखनऊ। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पॉवर कॉर्पोरेशन से मांग की है कि बिजली उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी राशि पर उन्हें ब्याज दिया जाए। यह ब्याज राशि लगभग 300 करोड़ निकल रही है। इसे तत्काल बिलिंग सॉफ्टवेयर में अपडेट किया जाए।

प्रदेश में 3.73 करोड़ विद्युत उपभोक्ता हैं। विद्युत अधिनियम में जमा सिक्योरिटी धनराशि पर हर साल अप्रैल माह में ब्याज देने का प्रावधान है। वर्ष 2025-26 के लिए एक अप्रैल 2025 को लागू बैंक दर 6.50 प्रतिशत है, जिसके अनुसार विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी सिक्योरिटी पर ब्याज का लाभ अप्रैल, मई और जून माह में मिलना चाहिए। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मांग की है कि उपभोक्ताओं द्वारा एक जून से बिलों का भुगतान भी किया जा रहा है, लेकिन अभी तक बिजली कंपनियों के बिलिंग सॉफ्टवेयर में उपभोक्ताओं की सिक्योरिटी राशि पर देय ब्याज समायोजित करने की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश भर के विद्युत उपभोक्ताओं की औसत जमा सिक्योरिटी लगभग 4,616 करोड़ है। तत्काल सॉफ्टवेयर में बदलाव किया जाए क्योंकि विद्युत नियामक आयोग द्वारा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क को कानून विरुद्ध बताया गया है। इसके बाद भी पॉवर कॉर्पोरेशन ने एक जून से उसकी वसूली शुरू कर दिया है। ब्यूरो

विद्युत अधिनियम 2003 में बनाए गए कानून का हो पालन

राज्य निगम को दी जाएं ओबरा डी व अनपरा ई परियोजनाएं

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सीएम योगी से मांग की है कि ओबरा डी और अनपरा ई ताप विद्युत परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम को सौंपा जाए। समिति ने एनटीपीसी के साथ प्रस्तावित संयुक्त उद्यम व्यवस्था को तत्काल समाप्त करने की भी मांग की है। बताया कि फरवरी 2023 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के बावजूद 40 माह से अधिक समय से इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। यह स्थिति दर्शाती है कि ये परियोजनाएं एनटीपीसी की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं हैं। यदि यह परियोजनाएं राज्य उत्पादन निगम के पास रहेंगी तो ओबरा और अनपरा में पहले से उपलब्ध आधारभूत संरचना का उपयोग करके 40 से 50 पैसे प्रति यूनिट तक की बचत संभव है। इससे प्रदेश को सस्ती बिजली मिल सकेगी। ब्यूरो

प्रभारियों के भरोसे शिक्षा विभाग के छह मंडल

लखनऊ। प्रदेश में शिक्षा विभाग के छह मंडलों में प्रभारियों के भरोसे काम चल रहा है। यहां पर सहायक शिक्षा निदेशक (एडी) बेसिक व संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) के पद अभी तक सृजित नहीं किए गए हैं। इसका असर यहां के कामकाज पर भी पड़ता है। प्रदेश में कुछ मंडल मुख्यालय बाद में सृजित हुए। यहां बाकी पदों का सृजन तो शिक्षा विभाग ने कर दिया लेकिन कई पदों का सृजन अब तक नहीं हो पाया है। हालत यह है कि अलीगढ़, चित्रकूट, देवीपाटन, सहारनपुर, मिर्जापुर व बस्ती मंडल में एडी बेसिक का पद सृजित नहीं है। यहां दूसरे शिक्षाधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं अलीगढ़, चित्रकूट व देवीपाटन मंडलों में जेडी के पद सृजित नहीं है। इसके चलते अन्य शिक्षा अधिकारियों को जेडी का अतिरिक्त प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है। हाल ही में हुए तबादले में भी इनका काम प्रभारी को दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शासन से जल्द पद सृजित किए जाने की मांग है ताकि नए मंडलों में भी शिक्षा विभाग की गतिविधियों को तेजी से धरातल पर उतारा जा सके। ब्यूरो

कहीं एडी व कहीं जेडी हैं प्रभारी

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 8 (6)

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ऋतीयों) और उमानतकर्ता (कर्तायों) को सूचित किया जाता है कि बैंक में बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा है', 'जहां है', 'जो है, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है' के आधार पर विक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 08.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 09.07.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/अग्रिम धनराशि (₹)
शाखाः सरोजनी नगर, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, श्री ईशान मिश्रा, मो.: 9936623468			
1.	**ऋणी एवं बंधककर्ता– श्री अरविंद सिन्हा पुत्र श्री राज किशोर सिन्हा,** पता– ई–2/198, आवास विकास योजना, आम्रपाली योज